पश्चिम एशिया में संघर्ष के साथ कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने बाजार पर डाला भारी दबाव

दहशत में सेंसेक्स ने लगाया गोता

झटका

मुंबई, एजेंसी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 313 अंक के नुकसान में रहा। बाजार में निवेशकों के 6.69 लाख करोड़ डूब गए। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 3,229.65 करोड़ के शेयर बेचे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 8,593.87 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,743.46 अंक टूटकर 78,543.73 अंक पर आ गया था। यह 1,048.34 अंक गिरकर 80,238.85 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 575.15 अंक गिरकर 24,603.50 अंक पर आ गया था। यह 312.95 अंक गिरकर 24,865.70 अंक पर बंद हुआ।

इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियां निशाने पर रहेंगी

एलएंडटी की ऑर्डर बुक का 37 प्रतिशत हिस्सा मिडिल ईस्ट से जुड़ा है। कंपनी ने पश्चिम गल्फ और सऊदी अरब में बड़े हाइड्रोकार्बन प्रोजेक्ट्स लिए हैं। यदि वहां प्रोजेक्ट्स में देरी होती है तो मार्जिन पर दबाव आ सकता है। केईसी इंटरनेशनल की ऑर्डर बुक का 20 प्रतिशत और कल्पतरू प्रोजेक्ट्स की ऑर्डर बुक का 11 प्रतिशत हिस्सा इस क्षेत्र से आता है।

एविएशन और लॉजिस्टिक्स पर असर दिखाई दिया

इंटरग्लोब एविएशंस यानी इंडिगो की 35 से 40 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय क्षमता मिडिल ईस्ट से जुड़ी है। एयरस्पेस बंद होने या रूट बदलने से कंपनी पर डबल मार पड़ सकती है, ऊपर से एटीएफ महंगा होने का असर अलग दिखेगा। जीएसआर एयरपोर्ट्स और अदाणी पोर्ट पर भी उड़ान रद्द होने और कम होते कार्गो की मात्रा का असर पड़ सकता है। इंटरग्लोब एविएशन का शेयर बीएसई पर 7.50 प्रतिशत टूट गया जबकि स्पाइसजेट के शेयर में 7.27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अनिलाइन ट्रैवल पोर्टल यात्रा ऑनलाइन के शेयर शुरुआती कारोबार में 11.14 प्रतिशत तक गिर गए। इंडी ट्रिप प्लानर्स के शेयर में 9.39%, टीबीओ टेक में 8.19% और थॉमस कुक में 5.40 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

ड्रोन कंपनियों में तेज बिकवाली

भारतीय बाजार में गिरावट का असर ड्रोन कंपनियों के शेयरों पर भी दिखा। ड्रोनाचार्य, ड्रोन डेस्टिनेशन, जेन टेक्नोलॉजीज और स्तन इंडिया जैसे स्टॉक्स 1% से 5% तक टूट गए। युद्ध में ड्रोन तकनीक की अहम भूमिका के कारण इस सेक्टर के शेयर निवेशकों की नजर में बने हुए हैं।

गैस सेक्टर में दबाव रहा

एलएनजी महंगा होने से आईजीएल, महानगर गैस और गुजरात गैस की लागत बढ़ सकती है। फर्टिलाइजर कंपनियों के लिए यूरिया की वैश्विक कीमत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी से करीब 2500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी बोझ का अनुमान है।

कराची का बाजार औंधे मुंह गिरा

पाकिस्तानी बाजार में सोमवार को एक दिन की अब तक की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक केएसई-100 16,089.17 अंक लुढ़क गया। केएसई-100 सूचकांक 1,51,972 अंक पर आ गया, जो पिछले बंद से 9.57 अंक की गिरावट है। यह इतिहास में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट थी।

कतर ने प्राकृतिक गैस उत्पादन पर रोक लगाई

सतर्कता

दुबई, एजेंसी। कतर ने सोमवार को एलएनजी का उत्पादन रोक दिया। उसने यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया है।

कतर दुनिया की 20 फीसदी एलएनजी का उत्पादन करता है। सरकारी कंपनी कतरएनर्जी, के 82% ग्राहक एशियाई देश हैं। उत्पादन रोकने के इस फैसले से प्राकृतिक गैस की कीमतें 46% तक बढ़ गईं। यही नहीं कच्चे तेल की कीमत भी एक दिन में 13% तक बढ़कर 82 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर हो गई, जो जनवरी 2025 के बाद सबसे ज्यादा हैं।

अरामको ने रिफाइनरी बंद की : सरकारी तेल कंपनी सऊदी अरामको की 550,000 बैरल प्रति दिन वाली रास तनुरा रिफाइनरी, को भी एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है।

इराकी कुर्दिस्तान ने भी सावधानी के तौर पर अपना उत्पादन रोक दिया है।

शेवरॉन की गैस फील्ड बंद: इजरायली सरकार ने शेवरॉन को लेविथान गैस फील्ड को कुछ समय के लिए बंद करने का निर्देश दिया है। शेवरॉन के एक प्रवक्ता ने कहा कि उसकी तमार गैस फील्ड सुरक्षित हैं। उधर, एनर्जियन ने अपने उत्पादन संयंत्र को बंद कर दिया।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं

नई दिल्ली। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और तेहरान के जवाबी हमलों के बाद इंटरनेशनल तेल की कीमतें लगभग नौ फीसदी बढ़ गईं, लेकिन भारत में रिटेल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द ही बढ़ोतरी की संभावना नहीं है, सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा, रिटेल फ्यूल की कीमतों में तुरंत बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है।

बाजार 30s

रुपये में 41 पैसे की भारी गिरावट

मुंबई। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा प्रबल होने से सोमवार को रुपया 41 पैसे की भारी गिरावट के साथ 91.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इन सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है।

बस बुकिंग में 31% वृद्धि की उम्मीद: रेडबस

नई दिल्ली। होली के त्योहार पर इस समय राज्य के भीतर और दूसरे राज्यों में जाने वाले यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है। रेडबस के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल होली के दौरान उत्तर प्रदेश में बस बुकिंग में 31 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी होने का अनुमान है। यह विश्लेषण 28 फरवरी से 8 मार्च 2026 के बीच की बुकिंग की तुलना पिछले साल (8 से 16 मार्च 2025) से है।

कॉफी डे पर 38 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

नई दिल्ली। सेबी ने सोमवार को कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके कई अधिकारियों पर वित्तीय विवरण तैयार करते समय जरूरी वित्तीय लेखा जोखा और खुलासा जरूरतों का अनुपालन न करने के लिए कुल 38 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने अपने एकल और एकीकृत वित्तीय विवरण, साथ ही तिमाही वित्तीय परिणाम तैयार करने और पेश करने में मानकों का पालन नहीं किया।

मांग में सुधार से कारोबारी गतिविधियों में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गई। घरेलू मांग में मजबूत सुधार के कारण यह बढ़ोतरी हुई, हालांकि नए निर्यात ऑर्डर की वृद्धि में कमी देखी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी के 55.4 से बढ़कर फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गया। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है।

खरीद प्रबंधक सूचकांक सर्वेक्षण में कहा गया, समिति के सदस्यों के अनुसार, काम करने की दक्षता में सुधार, बाजार में मजबूत मांग, नए ऑर्डर में बढ़ोतरी और तकनीक में निवेश की वजह से उत्पादन में कुल मिलाकर अच्छी बढ़त दर्ज की गई। एक क्षेत्र जहां वृद्धि में कुछ कमी आई, वह था नए निर्यात ऑर्डर रहे। हालांकि, जिन कंपनियों की विदेशों में बिक्री बढ़ी, उन्होंने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका से ऑर्डर मिलने की बात कही। नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि ने 2025 के मध्य में शुरू हुई धीमी गति को जारी रखा, जिससे विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन कुछ हद तक सीमित हो गया। भारत के विनिर्माताओं ने उत्पादन बढ़ाने और भंडारण करने के लिए अतिरिक्त कच्चे माल की खरीद की।

बाधाएं दूर करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को सरकार की तरफ से निर्यातकों और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक की गई, जिसमें भारत से जुड़े व्यापार पर संभावित प्रभाव को लेकर समीक्षा की। बैठक में सरकार ने भरोसा दिलाया कि व्यापार गतिविधियों में किसी भी प्रकार की बाधा से निपटने के लिए हर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। विशेषज्ञों ने बताया कि मौजूदा हालात के कारण जहाजों के मार्ग बदल सकते हैं, जिससे माल ढुलाई का समय बढ़ सकता है। साथ ही, जहाजों की समय-सारणी प्रभावित हो सकती है। कंटेनर उपलब्धता में कमी, मालभाड़ा और बीमा लागत में बढ़ोतरी देखने को मिल सकता है। बैठक में कार्गो मूवमेंट को सुचारु बनाए रखने, देरी रोकने, दस्तावेज और भुगतान प्रक्रियाओं को आसान बनाए रखने पर जोर दिया गया।

नौ माह में मुद्रा भंडार में 19.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार मूल्यांकन प्रभाव सहित बाजार मूल्य पर अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 19.4 अरब डॉलर बढ़ गया, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2024 में 10.7 अरब डॉलर की कमी हुई थी। भुगतान संतुलन के आधार पर, मूल्यांकन प्रभावों को छोड़कर, अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 30.8 अरब डॉलर की कमी आई, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 13.8 अरब डॉलर की कमी हुई थी।

दवेल्थ म्यूचुअल फंड कंपनी ने स्मॉल कैप फंड लॉन्च किया

नई दिल्ली। द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने स्मॉल कैप सेगमेंट में कदम रखते हुए 'द वेल्थ कंपनी स्मॉल कैप फंड' लॉन्च किया है। 'द वेल्थ कंपनी स्मॉल कैप फंड' का न्यू फंड ऑफर 5 मार्च से खुलकर 18 मार्च 2026 तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेगा। कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री मधु लुनावत ने कहा, "हमारा स्मॉल कैप फंड ऐसे सेगमेंट में संतुलित और सोच-समझकर किया गया विस्तार है यह दीर्घकाल में महत्वपूर्ण संपत्ति सृजन की क्षमता रखता है।

चांदी की कीमत में 32 हजार की शानदार तेजी दर्ज हुई

नई दिल्ली। खाड़ी के इलाके में जंग जारी रहने से निवेशकों की सुरक्षित निवेश की तरफ रुख करने से सोमवार को देश की राजधानी में चांदी की कीमतें 12 फीसदी तक बढ़ गईं, जिसमें चांदी तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम और सोना करीब पांच फीसदी बढ़कर 1.73 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के मुताबिक, चांदी शुक्रवार के 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 32,000 रुपये या 11.94 फीसदी बढ़कर 3,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई

बैंक ऑफ इण्डिया
Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 8 (6) सपठित नियम 9 (1) के तहत

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) सपठित नियम 9 (1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और जमानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक मे बंधक अचल सम्पत्तियां जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा है, जहां है', 'जो है, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 25.03.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 25.03.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्जा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (ई)
	शाखाः आस्ति वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित याग्य, मो0: 9415389015		
1.	**1. मेसर्स श्री बालाजी राइस उद्योग, प्रोप्राइटरशिप फर्म, प्रोपराइटर श्री उमेश चंद्र सोनी,** खसरा नंबर–242, टिकौतनगर, परगना– दरियाबाद, तहसील– सिरौली गौंसपुर, जिला–बाराबंकी–225413 **2. श्री उमेश चंद्र सोनी**, मोहल्ला रायसाहेब, टिकौतनगर, परगना–दरियाबाद, तहसील– सिरौली गौसपुर, जिला–बाराबंकी–225413 **3. श्री विनय कुमार सोनी (जमानतकर्ता)**, मोहल्ला रायसाहेब, टिकौतनगर, परगना– दरियाबाद, तहसील– सिरौली गौसपुर, जिला–बाराबंकी–225413 **4. श्रीमती सरोजिनी देवी (जमानतकर्ता)**, मोहल्ला रायसाहेब, टिकौतनगर, परगना– दरियाबाद, तहसील– सिरौली गौसपुर, जिला–बाराबंकी–225413 **मांग सूचना की तिथिः 15.07.2021,** **बकाया धनराशिः ₹2,28,48,522.51** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित मोहल्ला राय साहब, टिकौतनगर, परगना दरियाबाद, तहसील सिरौली गौसपुर, बाराबंकी, **क्षेत्रफल 65.42 वर्ग मीटर, मालिक–श्रीमती सरोजिनी देवी, चौहद्दीः उत्तरः** दुर्गेश का मकान, **दक्षिणः** प्रेमलाला का मकान, **पूर्वः** खड़ंजा, **पश्चिमः** प्रेमलाला का मकान **ख)** सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित मोहल्ला राय साहब, टिकौतनगर, परगना दरियाबाद, तहसील सिरौली गौसपुर, बाराबंकी, **क्षेत्रफल 115.98 वर्ग मीटर, मालिक–श्री विनय कुमार सोनी, चौहद्दीः उत्तरः** शंकरजी का मंदिर, **दक्षिणः** मोहम्मद यूनुस का मकान, **पूर्वः** तालाब, **पश्चिमः** इंटरलॉकिंग रोड **ग)** सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से फैक्टरी भूमि व भवन स्थित खसरा नंबर–242, टिकौतनगर, परगना दरियाबाद, तहसील सिरौली गौसपुर, बाराबंकी, **क्षेत्रफल 1900 वर्ग मीटर , मालिक– श्री उमेश चंद्र सोनी, चौहद्दीः**– **उत्तरः** स्वीज़ जैन की भूमि, **दक्षिणः** चकमार्ग, **पूर्वः** तेजबहादुर की भूमि, **पश्चिमः** गणेश यादव की भूमि **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 14,00,000/– ₹ 1,40,000/– ₹ 18,50,000/– ₹ 1,85,000/– ₹ 48,00,000/– ₹ 4,80,000/–
2.	**ऋणीः मेसर्स लाला फतेह चंद्र हरीश चंद्र एंड संस,** पता– 24, कुलभास्कर कॉम्प्लेक्स जी बी मार्ग लखनऊ–226018 **प्रोपराइटर–श्रीमती मीना सिंघल पत्नी श्री हरीश चंद्र सिंघल,** पताः1–108/53, गगनी शुक्लू का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–226018, पताः2– दुकान/हॉल सं. 01, मकान नंबर 529/597 पर बनाई, जो प्रथम तल स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, लखनऊ–226006 **जमानतकर्ता–श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री राज कुमार वर्मा,** पता–108/53, गगनी शुक्लु का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–261206 **मांग सूचना की तिथिः 25.05.2022,** **बकाया धनराशिः ₹62,12,906.92** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	दुकान/हॉल सं. 01 मकान नं. 529/597 पर निर्मित, प्रथम तल, स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, वार्ड महानगर, जिला लखनऊ, **क्षेत्रफल 109.665 वर्ग मीटर, स्वामीः श्रीमती मीना सिंघल पत्नीः श्री हरीश चंद्र सिंघल, चौहद्दीः पूर्व**–लिफ्ट एवं सीढ़ी की जगह, **पश्चिम**–खुली पार्किंग एवं उसके बाद रोड, **उत्तर**–दुकान/हॉल सं. 2, प्रथम तल, **दक्षिण**– ओम प्रकाश सौयें का प्लाट/मकान **(कब्जा–भौतिक)**	₹ 65,00,000/– ₹ 6,50,000/–
3.	**श्री राजीव जैन, पताः1.** जी 4, डिम्पी गौरव 334, ज्ञान खंड 1, इंदिरापुरम गाजियाबाद–201014, 2. प्लैट नंबर 910 टावर ए, बीसीसी ग्रीन्स, नौबस्ता कलां गांव, देवा रोड, लखनऊ 3. प्लैट नंबर 911 टावर ए, बीसीसी ग्रीन्स, नौबस्ता कलां गांव, देवा रोड, लखनऊ **मांग सूचना की तिथिः 03.09.2024,** **बकाया धनराशिः ₹60,52,947.00** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	1) सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित फ्लैट संख्या 910, टाइप 1 बीएचके, 9वीं मंजिल, टावर ए, बीसीसी ग्रीन्स, खसरा संख्या 511 के हिस्से पर निर्मित, नौबस्ता कला ग्राम, देवा रोड, लखनऊ, **क्षेत्रफल 520 वर्ग फीट, मालिकः श्री राजीव जैन पुत्र सुभाष जैन, चौहद्दीः पूर्व**–सामान्य मार्ग, **पश्चिम**–खुला आसमान, **उत्तर**–सामान्य मार्ग, **दक्षिण**–फ्लैट संख्या 911 2) सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित फ्लैट संख्या 911, टाइप 1 बीएचके, 9वीं मंजिल, टावर ए, बीसीसी ग्रीन्स, खसरा संख्या 511 के हिस्से पर निर्मित, नौबस्ता कला ग्राम, देवा रोड, लखनऊ, **क्षेत्रफल 520 वर्ग फीट, मालिकः श्री राजीव जैन पुत्र सुभाष जैन, चौहद्दीः पूर्व**–सामान्य मार्ग, **पश्चिम**–खुला आसमान, **उत्तर**–फ्लैट संख्या 910, **दक्षिण**–खुला आसमान, **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 22,00,000/– ₹ 2,20,000/– ₹ 22,00,000/– ₹ 2,20,000/–
4.	**ऋणीः मेसर्स आइरीन, प्रोप. श्रीमती टीना मेहरा,** पता–जी–58, इंडस्ट्रियल एरिया, एग्रो पार्क–2, यूपीएसआईडीसी–फेस 2, कुर्सी रोड, बाराबंकी–225302 **प्रोपराइटर–श्रीमती टीना मेहरा पत्नी स्व. अमित मेहरा,** पताः1–ए–401, हिमालय रेजीडेंसी, 5 बालीमिक मार्ग, लालबाग लखनऊ, पताः2– बी–102, फोर्टुना हरि शंकर अपार्टमेंट 16, जॉपलिंग रोड, लखनऊ **मांग सूचना की तिथिः 17.09.2022,** **बकाया धनराशिः ₹1,06,93,787.38+** ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति प्लॉट संख्या जी–58 औद्योगिक क्षेत्र एग्रो पार्क, फेज II, यूपीएसआईडीसी, ग्राम–गुग्गौर, कुर्सी रोड, परगना व तहसील फतेहपुर, बाराबंकी उ.प्र., **क्षेत्रफल–600.00 वर्ग मीटर, मालिकः श्रीमती टीना मेहरा एवं, प्रोपराइटर–मेसर्स आइरीन, चौहद्दी (विलेख के अनुसार): पूर्वः** प्लॉट सं. के–51, **पश्चिमः** सड़क, **उत्तरः** प्लॉट सं. जी–57, **दक्षिणः** प्लॉट स. जी–59 **वास्तविक/मुआयना के अनुसार चौहद्दीः– पूर्वः** प्लॉट सं. के–51 पर औद्योगिक भवन, **पश्चिमः** 18.0 मीटर चौड़ी सड़क और फिर ओवरहेड पानी की टंकी, **उत्तरः** लीज पर औद्योगिक भवन प्लॉट सं. जी–57, **दक्षिणः** लीज पर प्लॉट स. जी–59 **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 50,50,000/– ₹ 5,05,000/–
5.	**ऋणीः मेसर्स खान फैब्रिकेटर्स, प्रो. मोहम्मद हसीर खान पुत्र श्री मुल्लन, पता**–मोहल्ला कुरैशी वार्ड, नगर पंचायत, हैदरगढ़, पोस्ट–हैदरगढ़, तहसील–हैदरगढ़, जिला–बाराबंकी उ.प्र. **प्रोपराइटरः मोहम्मद हसीर खान पुत्र श्री मुल्लन,** पता– मोहल्ला कुरैशी वार्ड, नगर पंचायत, हैदरगढ़, पोस्ट–हैदरगढ़, तहसील–हैदरगढ़, जिला–बाराबंकी उ.प्र. **जमानतकर्ताः–1. श्रीमती सन्नो पत्नी मो. हसीर खान, 2. मो. हासिम खान पुत्र मुन्ना खान, 3. मो. अमीन खान पुत्र श्री मुल्लन, 4. मोहम्मद इस्माइल खान पुत्र श्री मुल्लन,** पताः मोहल्ला कुरैशी वार्ड, नगर पंचायत, हैदरगढ़, पोस्ट–हैदरगढ़, तहसील– हैदरगढ़, जिला–बाराबंकी, उ.प्र. **मांग सूचना की तिथिः 02.05.2024,** **बकाया धनराशिः ₹52,34,004.07** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित भूमि स्थित खसरा नं. 641/1, मोहल्ला बाड्डान वार्ड, नगर पंचायत, हैदरगढ़, तहसील–हैदरगढ़, जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश, **मालिकः मोहम्मद हसीर खान पुत्र श्री मुल्लन, क्षेत्रफल –2875 वर्ग फीट, चौहद्दीः बिक्री विलेख के अनुसार**–पूर्व– हैदरगढ़–रायबरेली रोड, **पश्चिम**–मालिकों और अन्य लोगों का प्लॉट, **उत्तर**– मोहम्मद इस्माइल खान की संपत्ति, **दक्षिण**– राम मनोहर पाण्डेय का मकान, **चौहद्दीः साइट विजिट के अनुसार**–पूर्व–हैदरगढ़–रायबरेली रोड, **पश्चिम**–मालिकों और अन्य लोगों का प्लॉट, **उत्तर**– मोहम्मद इस्माइल खान की संपत्ति, **दक्षिण**– राम मनोहर पाण्डेय का मकान **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 75,22,000/– ₹ 7,52,200/–
6.	**1) मेसर्स आईएनआई ज़रीवाला, प्रोप्राइटरशिप फर्म, प्रोप. सैयद इसरार हुसैन के माध्यम से,** दुकान संख्या एस–1 व एस–2, द्वितीय तल, उन्नाव आर्केड, प्लॉट संख्या 5, मकान संख्या 92/200, स्थित गौतम बुद्ध मार्ग, लाटूश रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.) **2) सैयद इसरार हुसैन, पुत्र स्व. अबरार हुसैन,** 390/88 गली दरगाह हज़रत अब्बास रोड, रुस्तम नगर, थाना सआदतगंज, लखनऊ–226003 (उ.प्र.) **मांग सूचना की तिथिः 02.09.2025,** **बकाया धनराशिः ₹1,87,66,135.15** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित दुकान संख्या एस–1 व एस–2, द्वितीय तल, कामर्शियल भवन "उन्नाव आर्केड", स्थित प्लॉट संख्या 5, मकान संख्या 92/200, बांस मंडी, गौतम बुद्ध मार्ग (लाटूश रोड), लखनऊ (उ.प्र.), **क्षेत्रफल 52.323 वर्ग मीटर** **स्वामी–सैयद इसरार हुसैन, पुत्र स्व. श्री अबरार हुसैन।** **चौहद्दीः–पूर्व**– इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज का भवन, **पश्चिमः** गौतम बुद्ध मार्ग, **उत्तरः** ब्रिटिश पेट्रस का भवन, **दक्षिणः** इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज का भवन **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 40,00,000/– ₹ 4,00,000/–
7.	**1. मेसर्स मंजरी लाल टीकम चंद प्रोप. श्री दुली चंद जैन के माध्यम से,** व्यवसाय का पता–नवीन मंडी स्थल रजापुर, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश–262701 **2. श्री दुली चंद जैन पुत्र स्व. टीकम चंद,** खसरा नंबर 253 मोहल्ला गोठ्ठायाग, शहर व तहसील लखीमपुर, जिला–खीरी–262701 **3. श्री संजय गुप्ता पुत्र श्री राम किशोर गुप्ता** निवासी मेला रोड, चांद ऑटोमोबाइल्स के पास, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश– 262701 **मांग सूचना की तिथिः 04.11.2011,** **बकाया धनराशिः ₹79,79,000.00** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित खसरा सं. 253, मोहल्ला गोठ्ठायाग, शहर व तहसील लखीमपुर, जिला खीरी, **श्री दुली चंद जैन के नाम पर, क्षेत्रफल 930.58 वर्ग मी., चौहद्दीः–पूर्व**– रेलवे कॉलोनी, **पश्चिम**–श्री जैन की संपत्ति, **उत्तर**– सार्वजनिक खुली भूमि एवं श्री प्रदीप कुमार जैन की संपत्ति, **पूर्व**– मे श्याम मनोहर की संपत्ति, **दक्षिण**–अन्य का मकान उपर्युक्त संपत्ति के उस भाग का विवरण है जिसका कब्जा हमें सौंप दिया गया है तथा जिसे दिनांक **25.03.2026** को ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए रखा जा रहा है: सम्पत्ति खसरा सं. 253 के माप अर्थात माप ए (खुला प्लॉट) और माप ए+1 (मकान) स्थित संपत्ति गोठ्ठाया बाग, तहसील–लखीमपुर, जिला–खीरी (उत्तर प्रदेश), कुल **क्षेत्रफल–561.33 वर्ग मीटर या 6040 वर्ग फीट, श्री दुली चंद जैन के नाम पर माप ए (खुले प्लॉट की चौहद्दी) की चौहद्दीः–पूर्व**–अन्य का मकान, **पश्चिम**–रेलवे क्वार्टर, **उत्तर**–15 फीट चौड़ा इंटरलॉकिंग रास्ता, **दक्षिण**–अन्य का मकान **क्षेत्रफल–2800 वर्ग फीट** **माप ए+1 (मकान की चौहद्दी) की चौहद्दीः**–पूर्व–नाला, उसके बाद रेलवे क्वार्टर, **पश्चिम**–इंटरलॉकिंग रास्ता, उसके बाद अन्य की संपत्ति, **उत्तर**–कृष्ण कुमार मिश्रा का मकान, **दक्षिण**–इंटरलॉकिंग रास्ता, उसके बाद शेष मालिक का प्लॉट (वही संपत्ति गिरवी रखी गई है) **क्षेत्रफल–3240 वर्ग फीट** **(कब्जा–भौतिक)**	₹ 58,00,000/– ₹ 5,80,000/–

नियम एवं शर्तेः बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें **i.e.https://www.bankofindia.co.in, https://baanknet.com** अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित ज़ोनल/ मुख्य प्रबंधक / शाखा प्रबंधक को ऊपर दी गई शाखाओं व उनके फोन नम्बर पर सम्पर्क करें।
नोट–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000/– उपर होगी।
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांकः 27.02.2026 **स्थानः लखनऊ** **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया**

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, एकादशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, अयोध्या

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– 05/अधी0अभि0/एकादशम्/2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं प्राइस/फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जिसकी प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक– 12.03.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे अधीक्षतायंत्री के कार्यालय कक्ष में, विभाग द्वारा गठित समिति द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनांक– 06.03.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक– 12.03.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। प्राइस/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि, कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी, जो नोटिस बोर्ड व ई–पोर्टल पर सूचित की जायेगी। निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगी।

क्रमांक	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र मूल्य (नॉनरिफन्डेबल फीस)	पंजीकृत श्रेणी
1.	जनपद बाराबंकी में सतुए (घाघरा) नदी के दायें तट पर ग्राम खालसाबेदा– गणेशपुर तटबन्ध के किमी0 46.000 से किमी0 54.000 के मध्य विभिन्न पैकेजों में एवं जिरबती (बौरा) नदी के दायें एवम्तेज़ बौरा के किमी0 0.000 से किमी0 1.450 के मध्य बांध के टॉप पर क्रिश ऑन एंड सीलिंग लगाने का कार्य।	1.50	01 माह	रू0 3565.00	बी एवं उच्च

1. वह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://up.gov.in/ सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब